जय श्री राम

सत्य की उडान


# अलग पहचान

जय श्री राम

रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनीक

रांची, गुरुवार, 18 अप्रैल 2024, वर्ष 10, अंक 105 | E-mail id alagpahchan@gmail.com | Web - www.alagpahchan.com | पृष्ठ 12, मूल्य 2/ रुपया

## झारखंड की राजधानी रांची के हिनू चौंक में श्री रामनवमी उल्लास के साथ मनाया गया ।



सत्य की उडान

# अलग पहचान

रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनीक

रांची, गुरुवार, 18 अप्रैल 2024, वर्ष 10, अंक 105 | E-mail id alagpahchan@gmail.com | Web - www.alagpahchan.com | पृष्ठ 12, मूल्य 2/ रुपया



## मलला का सूर्य तिलक, अद्भुत क्षण के साक्षी बने करोडों रामभक्त

**अयोध्या।** 500 वर्षों तक चले संघर्ष के बाद निर्मित भव्य महल में मना रामलला का पहला जन्मोत्सव अद्भुत, अकल्पनीय और अविस्मरणीय रहा। रत्न जडित पीतांबरी यानी पीला वस्त्र एवं सोने का मुकुट धारण कर रामलला ने भक्तों को दर्शन दिये। अध्यात्म व विज्ञान का अद्भुत संगम भी उस समय नजर आया, जब सूर्य की किरणों ने पांच मिनट तक सूर्यवंश के सूर्य का "सूर्य तिलक" किया। इस अद्भुत क्षण को हर कोई अपनी आंखों में बसाने को लालायित नजर आया। वहीं, कार्यक्रम का प्रसारण न्यूज चैनलों के माध्यम से किया गया, जिससे घर बैठे करोडों लोग इस अद्भुत क्षण के साक्षी बने। भजन-कीर्तन, स्तुति-वंदना के बीच सबकी निगाहें घडी की सुइयों पर थीं। जैसे-जैसे घडी की सुइयां 12 की ओर बढ रही थीं, आतुरता भी बढती रही। बालक राम सहित उत्सव मूर्ति की मनमोहक छवि के दर्शनकर भक्त मंत्रमुग्ध होते रहे। ...नवमी तिथि मधुमास पुनीता, सुकुलपछ अभिजित हरिप्रीता। मध्य दिवस अति सीत न धामा, पावन काल लोक विश्रामा। स्तुति तक पहुंचते-पहुंचते पूरे 12 बज चुके थे।

मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास ने मंदिर के कपाट खोले तो घंटा घडियाल बजने के साथ ही भक्तों ने भए प्रकट कृपाला दीनदयाला, कौशल्या हितकारी... का भजन गायन शुरू कर दिया। जैसे ही जन्मोत्सव का कर्मकांड हुआ पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। भक्त उत्साह की सीमाओं का उल्लंघन करने से भी नहीं चूके। मंदिर परिसर में मौजूद हर शख्स भावविभोर दिखा। संत एमबीदास व अन्य कलाकारों ने बधाइयां गायीं तो भक्त झूमने-नाचने लगे।

पुजारी प्रेमचंद्र त्रिपाठी ने बताया कि सुबह 3:30 बजे ही मंदिर के कपाट खोल दिये गये थे। रामलला का शृंगार, राग-भोग, आरती एवं दर्शन साथ-साथ चलता रहा। सुबह से ही मंदिर में अनुष्ठानों का दौर शुरू हो गया था। चारों वेदों का पाठ, वाल्मीकि रामायण का पाठ सहित अन्य अनुष्ठान हुए। रामलला के सूर्य तिलक के समय श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास, महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र, ट्रस्टी महंत दिनेंद्र दास, सीबीआरआइ रुडकी के निदेशक प्रो प्रदीप कुमार सहित अन्य विज्ञानी व साधु-संत मौजूद रहे।

**इस तरह हुआ रामलला का पूजन-शृंगार**

- सुबह 3:00 बजे- मधुपर्क, पंचामृत, दिव्य औषधियों से रामलला को स्नान कराया गया।
- सुबह 3:30 बजे- शृंगार एवं मंगलाआरती के साथ मंदिर खोला गया।
- सुबह 11:08 बजे- जन्मोत्सव को लेकर पूजन की प्रक्रिया शुरू हुई।
- 11:40 से 11:55- श्रीरामलला को 56 भोग अर्पित किया गया।
- 12:00 बजे- जन्म की आरती शुरू हुई, गर्भगृह का पर्दा खोला गया।
- 12:00 बजे- सूर्य की किरणों ने रामलला का सूर्य तिलक किया।
- 12:08 बजे- जन्म की स्तुति का गायन शुरू हुआ।
- 12:16 बजे- वेदमंत्रों से रामलला की पुन: स्तुति की गई।
- 12:30 बजे- दर्शनार्थियों को निकास मार्ग पर जन्म का प्रसाद बांटा गया

**पांच चरणों में हुआ रामलला का सूर्य तिलक**

- मंदिर के ऊपरी हिस्से पर लगे दर्पण पर सूर्य की किरणें गिरीं। यहां से परावर्तित होकर पीतल के पाइप में पहुंचीं।
- पाइप में एक और दर्पण लगाया गया था। इससे किरणें टकराकर 90 डिग्री कोण में बदल गयीं।
- लंबवत पीतल के पाइप में लगे तीन लेंसों से किरणें आगे बढीं।
- किरणें तीन लेंस से गुजरने के बाद गर्भगृह में लगे दर्पण से टकराईं।
- यहां से 90 डिग्री का कोण बनाकर 75 मिलीमीटर टीके के रूप में रामलला के ललाट पर पहुंचीं।

# राममय हुई रांची

## रामनवमी में राजधानी रांची के मेन रोड में ऐसा था नजारा

रांचीः बुधवार को रांची पूरी तरह राममय हो गयी। महावीर पताके से सजी राजधानी की सड़कों पर जब राम धुन के साथ शोभायात्रा निकली तो सभी लोग उसकी भव्यता देख मंत्र मुग्ध हो गये. हर कोई राम की धुन में थिरकने को मजबूर हो गये. इस दौरान बच्चे बूढ़े सभी का उत्साह देखते ही बन रहा था.अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद ऐसे नजारा पहली बार दिखा. राम भक्तों का उत्साह उस वक्त और बढ़ गया जब राजधानी के मेन रोड में आयोजित रामनवमी के एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन खुद शिरकत करने पहुंच गये. इस दौरान झारखंड के सीएम जय श्री राम के नारे भी लगाते दिखाई पड़े. मंच पर उनके साथ राज्यसभा सांसद महुआ माजी भी मौजूद थीं। रामनवमी की शोभायात्रा में खास तौर पर भगवान राम के अयोध्या में विराजमान होने के बाद की झलक साफ तौर पर देखने को मिली. श्री महावीर मंडल और तमाम संगठनों के द्वारा निकाली गई झांकी में भगवान राम के साथ माता सीता और लक्ष्मण देखने को मिले. इन झांकियों के आगे-आगे चलती भीड जय श्री राम के उद्घोष लगा रहे थे. सभी के हाथों में महावीर झंडे थे।












वहीं, कुछ युवक अपने हाथों में तलवार और लाठी से अपना करतब दिखा रहे थे। वहां पर मौजूद भीड भी इन करतब का आनंद लेते दिखाई पड़ी. इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे. प्रशासनिक खेमा भी बेहद मुस्तैद नजर आया.एडीएम लॉ एंड ऑर्डर खुद ही राजधानी की सड़कों पर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी कर रहे थे. रांची के मेन रोड पर लगे तमाम संगठनों के मंच पर सीएम चंपाई सोरेन के अलावे रांची के सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, जेएमएम के केंद्रीय सचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, सुबोधकांत सहाय भी मौजूद रहे.।

# झामुमो नेता समेत 4 को किया गिरफ्तार

**रांचीः** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य के खिलाफ कथित अवैध यक्ष जमीन हडपने से जुडे धनशोधन मामले में चार और लोगों को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिए गए लोगों की पहचान अंतु तिर्की, प्रिय रंजन सहाय, बिपिन सिंह और इरशाद के रूप में हुई है। ईडी ने मंगलवार को यहां तिर्की और कुछ अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी और उनसे पूछताछ करने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया।जमीन से संबंधित दस्तावेजों में भी फर्जीवाडा का आरोप



अंतु तिर्की कथित तौर पर सोरेन से जुडा हुआ है जबकि सिंह एक रियल एस्टेट व्यवसायी है। ईडी की ओर से इस मामले में दायर किये गये आरोपपत्र के अनुसार प्रिय रंजन सहाय ने अन्य के साथ मिलकर इस जमीन से संबंधित दस्तावेजों में भी फर्जीवाडा किया है।जमीन घोटाले मामले में अब 8 लोगों की गिरफ्तारी

ईडी की ओर से चार और लोगों को गिरफ्तार किये जाने के बाद इस मामले में अब तक कुल आठ लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। ईडी ने जनवरी में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के कुछ ही देर बाद सोरेन (48) को गिरफ्तार कर लिया था। वह फिलहाल रांची के होटवार में स्थित बिरसा मुंडा जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले में मुख्य आरोपी व राजस्व विभाग के पूर्व उप-निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, मोहम्मद सद्दाम हुसैन और अफसर अली को भी गिरफ्तार किया गया है।हेमंत सोरेन ने अवैध रूप से जमीन हासिल की

रांची में 8.86 एकड जमीन से संबंधित मामले में सोरेन के खिलाफ जांच की जा रही है। ईडी ने आरोप लगाया है कि पूर्व मुख्यमंत्री ने अवैध रूप से यह जमीन हासिल की थी। हेमंत सोरेन ने मंगलवार को रांची की एक विशेष अदालत के समक्ष जमानत याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने यह आरोप लगाया कि उनकी गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित और उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए मजबूर करने की एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा थी।हेमंत सोरेन और उनके सहयोगियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

एजेंसी ने 30 मार्च को यहां एक विशेष पीएमएलए अदालत के समक्ष प्रसाद, हेमंत सोरेन, उनके सहयोगियों राज कुमार पाहन और हिलरिया कच्छप तथा राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बिनोद सिंह के कथित सहयोगी के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। ईडी ने रांची में स्थित जमीन भी कुर्क कर ली है और अदालत से भूखंड को जब्त करने का अनुरोध किया है।

# हर्षोल्लास से निकली डोरंडा में शोभायात्रा, ताशा पार्टी विशेष आकर्षण का केंद्र

**रांची।** श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति की शोभायात्रा धूमधाम से मंडल के अध्यक्ष संजय पोद्दार, मंत्री पप्पू वर्मा के नेतृत्व में निकाली गयी। शोभायात्रा दिन के तीन बजे तीन जगह से प्रारंभ हुई। पहली घाघरा से प्रारंभ हुई, जो गोसाई टोली, देवी मंडप होते हुए शांति रानी स्कूल, विद्युत बोर्ड कॉलोनी, कुम्हार टोली के रास्ते तुलसी चौक पहुंची। दूसरी शोभायात्रा मनीटोला, पत्थर रोड, होते हुए भवानीपुर का मिलन हुआ। वहां से इदे क्लब कन्या पाठशाला होते हुए रविदास मोहल्ला होते हुए यूनिसेफ पहुंचा, जहां पर



बेलदार मोहल्ला का मिलन हुआ। तीसरी शोभायात्रा एजी कॉलोनी से शोभायात्रा निकाली गयी। तपोवन मंदिर में पूजा अर्चना के बाद सभी अखाडाधारी परंपरागत मार्गों से होते हुए वापस बजरंगबली के जयकारों के साथ लौटे। हजारीबाग और झालदा धनबाद बोकारो से आये ताशा पार्टी विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। विभिन्न मंदिरों को आकर्षक तरीके से फूलों से सजाया गया था। महाअष्टमी झांकी प्रतियोगिता में श्री महावीर मंडल कुसाई को बंपर पुरस्कार, श्री महावीर मंडल कुमारटोली को प्रथम पुरस्कार, रविदास मोहल्ला को द्वितीय पुरस्कार, आदिवासी अखाडा मनीटोला को तृतीय पुरस्कार दिया गया। शोभायात्रा में बजरंग प्रसाद गुप्ता, मनोज वर्मा, सुरेश प्रसाद, राकेश पाल, अंकित सिंह, उमेश बर्मन, मनोज नायक, योगेश्वर दुबे, दीपक राम, मैनेजर प्रधान, अलख निरंजन, दीपू वर्मा, जयदेव घोष, शुभम वर्मा, रोहित ठाकुर, मुकेश ठाकुर समेत अन्य शामिल थे।

## "वीर भोगे वसुंधरा का गूँज उठा है नारा गर्व से कहो हिंदू है हम हिंदुस्तान है हमारा" - आदित्य विक्रम जयसवाल

रॉंची। कांग्रेस नेता आदित्य विक्रम जयसवाल ने रामनवमी के शुभ अवसर पर राजधानी रॉंची के युवा रॉंची महानगर रामनवमी पूजा समिति,चंद्र शेखर आज़ाद रामनवमी पूजा समिति,नवयुवक संघ उपकार क्लब समिति,श्री महावीर मण्डल महानगर इंदिरा गांधी चौक चुटिया, रॉंची क्लब कर्मचारी संगठन एवं अन्य विभिन्न संगठन के मंचों पर पहुँचकर रामनवमी जुलूस में शामिल हुए और राम भक्तों का उत्साह वर्धन किया एवं उपकार क्लब चुटिया के मंच से विभिन्न अखाड़ो के झाकियों का स्वागत किया और चना शर्बत भी बाँटा।मौक़े पर युवा रॉंची महानगर रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष नन्दकिशोर



सिंह चंदेल,श्री महावीर मण्डल महानगर इंदिरा गांधी चौक के अध्यक्ष कृष्णा सहाय,संजीव महतो एवं नवयुवक संघ उपकार क्लब समिति के अध्यक्ष अनिल सिंह, प्रेम कुमार भी मौजूद थे।

इस मौक़े पर आदित्य विक्रम जयसवाल ने सर्वप्रथम प्रभु श्री राम के नारों से बुलंद आवाज़ में जयकारा लगाया तत्पश्चात् तमाम राम भक्तों को रामनवमी की ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान राम सबों के जीवन को सुख, शांति और समृद्धि से भर दें और इस मंगल पर्व पर, आपके द्वारा किए गए सभी कार्यों में भगवान राम की कृपा हमेशा बनी रहे।

**रांची।श्री महावीर** मंडल पूर्वी क्षेत्र का ऐतिहासिक रामनवमी शोभा यात्रा जुलूसअध्यक्ष रमेश सिंह मुख्य संरक्षण संजीव विजयवर्गीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग वर्मा के नेतृत्व में बूटी मोर से निकलकर गाड़ी होटवार कोकर लालपुर प्लाजा चौक अल्बर्ट एक्का चौक होते हुए निवारनपुर स्थित मुख्य मंदिर तक गई



शोभा यात्रा जुलूस की जानकारी देते हुए बजरंग वर्मा ने बताया कि इस बार सुबह यात्रा जुलूस का आकर्षण 101 महिलाओं द्वारा महावीर झंडा को गाजे बाजे झारखंड के लोक कलाकार और अस्त्र शस्त्र से सुसज्जित होकर छात्र-छात्राएं हजारों की संख्या में जुलूस में शामिल हुए. पूर्वी क्षेत्र का जुलूस का जगह-जगह स्वागत शिविरों द्वारा भव्य स्वागत हुआ पूर्वी क्षेत्र के अध्यक्ष रमेश सिंह और बजरंग वर्मा के द्वारा स्वागत शिविरों को भी आकर्षक शील्ड देकर प्रोत्साहित किया गया

जुलूस में मुख्य रूप से अर्जुन यादव अजय अग्रवाल नवीन सिंह पाली दीपू पासवान ससुर केसरी पप्पू वर्मा नरेंद्र नाथ विश्वास महेश सिंह महेंद्र जायसवाल अमित वर्मा संतोष संतोष महतो जयप्रकाश भल्ला संजय वर्मा मनोज गुप्ता घनश्याम सिंह सहित काफी संख्या में सदस्य शामिल हुए।

**रॉंची।** रामनवमी के पवन पर्व के मौके पर युवा समाजसेवी ओम शंकर गुप्ता ने अंतिम मांगलवारी को शोभा यात्रा का आयोजन किया शोभा यात्रा मे हनुमान जी की प्रतिमा की भव्यता



मुख्य रूप से आकर्सन का केंद्र यक्ष थी इस मौके पर महिलाओ ने काफी झूमा नाचा साथ ही युवायो ने भी जय श्रीराम का नारा लगाया शोभा यात्रा रातू आमतांड से शुरु हुए ओम शंकर गुप्ता ने कहा की धर्म के प्रति ये आस्था मेरे मन मे कभी खतम नहीं होगा आज ये छोटा प्रयास आने वाले समय मे एक बडा बदलाव लाएगा हिन्दुत्वा के नाम पर मै पहले कई वर्षो से कार्य करता आ रहा हु और ये प्रयास हमेसा जारी रहेगा कार्यक्रम मे मुख्य रूप से कृष्णा ठाकुर,. अर्जुन साहू , शेखर सुमन , रवि साहू , लाली, विशाल, हजारी प्रसाद ,लालमानी देवी,. रंजू देवी , शिला देवी , नीलू , आदि मौजूद थे

## कल्पना सोरेन ने दी श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन ने श्रीरामनवमी पर्व पर राज्यवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने हेमंत सोरेन के ट्विटर हैंडल पर मैसेज पोस्ट किया। कल्पना ने दिनकर के एक वाक्य को कोट करते हुए लिखा। कहा कि राम, तुम्हारा नाम कंठ में रहे, हृदय, जो कुछ भेजो, वह सहे, दुख से त्राण नहीं मांगू। मांगू केवल शक्ति दुख सहने की, दुर्दिन को भी मान तुम्हारी दया अकातर ध्यानमग्न रहने की। सहनशीलता, दया, कृपा, करुणा, त्याग, साहस और धैर्य के स्वामी प्रभु श्रीराम सभी को स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन प्रदान करें। रामनवमी के पावन पर्व की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार। जय जय सिया राम।

इसके साथ ही उन्होंने अपने ग्रुप में एक वीडियो भी शेयर किया। कहा कि हम सभी को यह याद रखना है कि श्रीराम भगवान जी ने अपने युद्ध करते समय भी अपने नीति, नियमों और आदर्शों का पालन किया था। जिस तरीके से शक्तिशाली



होते हुए भी उन्होंने हमेशा धैर्य एवं सहनशीलता दिखायी है। हमेशा ज्ञानी होने के बावजूद, ज्ञान पाने की तत्परता दिखायी थी और जिस प्रकार से युद्ध में अपने प्रतिद्वंद्वियों को हरा कर भी उन्हें सम्मान की दृष्टि से देखा था। आज सभी को भगवान राम के आदर्शों को सच्चे ढंग से समझने की जरूरत है।

## श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में बुधवार को भक्तों का सैलाब दिखा

रांची। श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में बुधवार को भक्तों का सैलाब दिखा। रामनवमी पर श्याम मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था। कोलकाता से



मंगाये गये पीला गुलाब, लाल गुलाब, गुल बहार, रजनीगंधा, तुलसी, लाल-पीला गेंदा, बेली आदि विभिन्न प्रकार की मोटी-मोटी मालाओं से बाबा श्याम का शृंगार किया गया था। हनुमान जी का दरबार आकर्षक रूप से सजाया गया था। रामनवमी पर भक्तों के लिए श्री श्याम रसोई में वृहद भंडारा बनाया गया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की देखरेख में आयोजन किया गया था। 11000 से ज्यादा रामभक्तों के लिए आलू चना की सब्जी, आलू चॉप, विभिन्न प्रकार के शरबत रामभक्तों के बीच बांटा गया। भंडारा अनीश सिंह और उनके परिवार के द्वारा निवेदित किया गया था। भंडारा वितरण करनेवालों में मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, उपमंत्री अनिल नारनोली, अमित सरावगी, राजेश चौधरी, रामगोपाल साबू, विजयश्री साबू, बबीता चौधरी, सुनील सिंघानिया, आनंद मालपानी, बालकिशन अग्रवाल, दीपक पोद्दार समेत अन्य मौजूद थे।

## 53 लाख का गांजा ओर डोडा बरामद, दो गिरफ्तार

**रांची।** बुंडू।ओडिशा से जमशेदपुर-रांची के रास्ते पंजाब जानेवाली आयरन लोड ट्रक से 53 लाख का गांजा और डोडा बुंडू में बरामद किया गया है. साथ ही दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तारी आरोपियों में पंजाब के रूपनगर स्थित बजरुर निवासी चरणजीत सिंह और यूपी के इटावा स्थित परसौवा निवासी विपन के नाम शामिल हैं। आरोपियों के पास से 49.99 लाख के 3 बोरा में रखे 99.800 किया गांजा, 3.87 लाख के 5 बोरा में रखे 25.800 किग्रा डोडा सहित अन्य समान पुलिस ने बरामद किया है. पुलिस के अनुसार गुप्त सुचना मिली थी कि जमशेदपुर की ओर से एक ट्रक (PB 65 BE 6670) रांची की ओर आ रहा है जो ऊपर से काला तिरपाल से ढंका हुआ है, जिस पर आयरन चिप्स लोड है. उसी में गांजा और डोडा छुपा कर कहीं ले जाया जा रहा है.



सूचना पर बुण्डू थाना क्षेत्र स्थित एदलहातू NH33 स्थित टोल प्लाजा के समीप बुंडू पुलिस टीम जमशेदपुर की ओर से आने बाली भारी वाहन का चेक करना शुरू किया तभी चेकिंग के दौरान ट्रक (PB65BE6670) को जमशेदपुर की ओर से आते देख उसको चेकिंग के लिए साइड कराया गया. चेक करने पर उस ट्रक पर लोड आयरन चिप्स, अयस्क के ऊपर बोरा में छिपाया 3 बोरा में रखे 99.800 किग्रा गांजा एवं 5 बोरा में रखे 25.800 किया डोडा बरामद कर जब्त किया गया. ट्रक के चालक चरणजीत सिंह एवं सहचालक विपन को गिरफ्तार किया। आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि हम लोग ओडिशा से आयरन चिप्स अयस्क ले कर बराबर जमशेदपुर-रांची होते हुए पंजाब जीते हैं तभी दो बार से पंजाब की ही एक पार्टी ने मुझे फोन कर बोला कि जब उधर से आओ तब मेरा माल मांजा और डोडा भी अपना आयरन चिप्स, अयस्क में छुपा कर लेते आना. ज्यादा भाड़े के लालच में आकर दो बार से ओडिशा के रम्बा स्थित जगह से गांजा और रांची के तमाड़ स्थित NH33 के किनारे एक ढाबा से जिसका मालिक अभिषेक से डोडा का चुरा लोड कर ले जाता हूं. ग्रामीण इलाकों से सस्ते दामों पर खरीदते हैं और उधर उसे बाहर के ग्राहकों को ऊंचे दामों पर बेचते हैं. इस संबंध में बुंडू थाना (काण्ड सं०-47/24) में NDPS एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस दोनों आरोपी को जेल भेज दिया.

## 51 कुंवारी कन्याओं का भोजन कराने के बाद पूजा की गयी।



रांची। पंचमंदिर महावीर मंडल अरगोडा पीपरटोली की ओर से 51 कुंवारी कन्याओं का भोजन कराने के बाद पूजा की गयी। पंडित रवि शंकर पांडेय द्वारा हवन कराया गया। मंदिर परिसर से भोग और प्रसाद वितरण किया गया, भीड देखते हुए वितरण देर रात तक जारी रहा। सचिव विवेक कुमार ने बताया कि मंदिर परिसर में झंडा गाड कर पूजा की गयी।

## पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की जयंती मनायी

**रांची।** प्रदेश राजद की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की जयंती मनायी गयी। राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव, उपाध्यक्ष अनीता यादव, श्रमिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुधीर गोप, जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र



महतो, शालीग्राम पांडेय, नंदन यादव, यशवंत यादव, कमलेश यादव, राम इकबाल चौधरी, मैनेजर राय, कमलेश यादव, विशाल कुमार, प्रेम कुमार, मनोज यादव सहित अन्य ने श्रद्धांजलि दी। महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि चंद्रशेखर युवा तुर्क नेता थे, वे सादगी जीवन के साथ प्रखर समाजवादी थे।

## रांची, तपोवन मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़, शोभायात्रा में दिखा उल्लास

**रांची।** रामनवमी को लेकर राजधानी रांची बुधवार को पूरी तरह राममय हो गयी। शहर भगवा झंडे से सजा हुआ है। रांची के ऐतिहासिक तपोवन



मंदिर में सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं की कतार लग गईं। हाथों में बजरंगी झंडा और सिर पर रामनामी लिये भक्तों की भीड़ मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए घंटों लाइन में खड़ी दिखी। इन सबके बीच श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

तपोवन मंदिर के बारे में मान्यता है कि रामनवमी के अवसर पर यहां ध्वज पूजन के बाद घर पर ध्वज फहराने से परिवार में सुख-समृद्धि के साथ-साथ सकारात्मक ऊर्जा भी आती है, यही कारण है कि यह लंबे समय से चली आ रही यह परंपरा आज भी जीवित है। इस मौके पर कई श्रद्धालु इस मंदिर में तलवार की पूजा भी करते हैं।

इधर, श्री महावीर मंडल, डोरंडा केंद्रीय समिति, चुटिया राम मंदिर सहित दूसरी पूजा समितियों की भी शोभायात्रा बड़े धूमधाम से निकाली गयी। श्री महावीर मंडल, डोरंडा केंद्रीय समिति की यह यात्रा मंडल के अध्यक्ष संजय पोद्दार, मंत्री पप्पू वर्मा के नेतृत्व में निकाली गई। शोभा यात्रा दिन के तीन बजे तीन जगह से प्रारंभ हुई। सबसे पहले यह घाघरा से प्रारंभ हुई जो गोसाई टोली, देवी मंडप होते हुए लोहरा कोच होते हुए शांति रानी स्कूल, विद्युत बोर्ड कॉलोनी, 56 साइड बीएमपी होते हुए तुलसी चौक पहुंची।

# साइबर पुलिस ने पार्ट टाइम जॉब के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले तीन आरोपितों को धर दबोचा है

**ब्यूरो**, रांची। साइबर अपराध थाने की पुलिस ने पार्ट टाइम जाब के नाम पर 2.88 लाख की ठगी के मामले में तीन आरोपितों को जमशेदपुर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में शेखर कुमार, बंटी मुखी व सुब्रतो विश्वास शामिल हैं।इन आरोपितों के पास से 10 मोबाइल, 10 सिमकार्ड, 40 डेबिट कार्ड, 33 चेकबुक, चार पासबुक, 12 स्टांप, 97 एलमांटिस एलुमिना फर्म का विजिटिंग कार्ड, 94 यूनिक इंडस्ट्रियल सप्लायर से संबंधित विजिटिंग कार्ड, कांड से संबंधित वाट्सएप चैट, फर्जी रेंटल एग्रीमेंट व फर्म के लेटर हेड, पीओएस मशीन, क्यूआर कोड स्कैनर तथा वाई-फाई राउटर बरामद हुए हैं।

**ये हैं गिरफ्तार आरोपित**

- शेखर कुमार : मकान संख्या 4318, कदमा मेन रोड, भाटिया बस्ती, सुधा दूध डेयरी के समीप, कदमा, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।
- बंटी मुखी : बजरंग पथ, उलियान, मकान संख्या सात, कदमा, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।
- सुब्रतो विश्वास : जी-7, निर्मल कालोनी, शास्त्री नगर, ब्लाक नंबर 03, कदमा, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।

**ऐसे की गई ठगी**

ठगी के इस मामले में साइबर अपराध थाने में 15 मार्च 2024 को प्राथमिकी दर्ज हुई थी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि टेलीग्राम के माध्यम से उनसे संपर्क किया गया



था। अपराधियों ने उन्हें गूगल मैप का लिंक भेजकर होटल के रेटिंग का फाइव स्टार करने से संबंधित स्क्रीन शाट भेजकर पार्ट टाइम जाब का ऑफर दिया गया।

इसके बाद उन्हें टेलीग्राम प्रोफाइल पर रजिस्टर कर वीडियो लाइक करने का काम दिया गया। उक्त टेलीग्राम प्रोफाइल के माध्यम से दिए गए टास्क को करने के लिए इन्हें विभिन्न बैंक खातों में पैसा डालने को बोला गया। शुरू में झांसे में लेने के लिए इनके खाते में कुछ पैसे डाले गए, लेकिन बाद में पैसे डालना बंद कर दिया गया। इस तरह से इनके साथ कुल 2.88 लाख रुपये की साइबर ठगी कर ली गई।

**जिन खातों में रुपये डलवाए, वे फर्जी कंपनियों के नाम पर मिले**

साइबर अपराध थाने की पुलिस ने जब पूरे मामले की छानबीन की तो पता चला कि पीड़िता से अलग-अलग कंपनी/फर्म के नाम पर बने बैंक खाताओं में यूपीआइ के माध्यम से पैसे डालने को कहा गया था।

जांच में जानकारी मिली कि फर्जी कंपनी के नाम पर पंजीकृत खाते दिल्ली, उत्तर प्रदेश, कोलकाता, ओडिशा आदि के बैंक खाते हैं, जिनमें करोड़ों रुपयों का ट्रांजेक्शन हुआ था। जांच में इन बैंक खाताओं में हुए ट्रांजेक्शन के आइपी के सर्वर अमेजन एडब्ल्यूएस, गूगल क्लाउड, हांगकांग व चीन में मिले।

**खातों में करोड़ों के ट्रांजेक्शन, विभिन्न राज्यों में दर्ज हैं शिकायतें**

पुलिस के अनुसार फर्जी कंपनी के नाम पर खुले खातों में करोड़ों के ट्रांजेक्शन हुए हैं। उपरोक्त कांड में शामिल इंडसइंड बैंक के खाता 201026522141 में सिर्फ एक दिन में एक करोड़ 84 लाख 30 हजार 297 रुपये क्रेडिट हुए हैं।

भारत सरकार के नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से मिली जानकारी के अनुसार उपरोक्त खाता के विरुद्ध महाराष्ट्र, तमिलनाडू, गुजरात, हरियाणा आदि में कुल 100 शिकायतें दर्ज हैं।

इनके पास से बरामद अन्य फर्जी फर्म, यूनिक इंडस्ट्रियल सप्लायर नामक फर्जी फर्म के एसबीआइ खाता नंबर 429698405375 में महाराष्ट्र, हरियाणा, तेलंगाना, दिल्ली, केरल, कर्नाटक व राजस्थान में कुल 32 शिकायतें दर्ज हैं।

पीएनबी खाता नंबर 0495102100000749 में तेलंगाना, सिक्किम, गुजरात, छत्तीसगढ़, पंजाब, महाराष्ट्र व केरल में कुल 36 शिकायतें दर्ज हैं। सुब्रतो इंटरप्राइजेज से लिंक एसबीआइ खाता 42830281982 में दिल्ली, हरियाणा, तेलंगाना, कर्नाटक व गुजरात में कुल 13 शिकायतें दर्ज हैं। अलमांटिस एलुमिना से लिंक्ड एसबीआइ खाता 42576250656 में महाराष्ट्र, केरल, तेलंगाना व कर्नाटक में कुल 11 शिकायतें, दशमत इंटरप्राइजेज से लिंक्ड एसबीआइ खाता 42831136853 में हरियाणा राज्य से एक शिकायत और लोहार इंटरप्राइजज से लिंक्ड पीएनबी खाता 5000012159 में मध्य प्रदेश राज्य से एक शिकायत व कंफोर्ट क्रिएशन एंड फेब्रिक फेंटेसिस से लिंक्ड डीबीएस बैंक खाता 887210000001977 में कुल पांच शिकायतें महाराष्ट्र, दिल्ली व हरियाणा में दर्ज हैं

# राममय हुआ धनबाद कोयलांचल जयकारे से गूंजा शहर



**धनबादः** कोयलांचल में बुधवार को रामनवमी का त्योहार पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया. सुबह से ही मंदिरों में महावीरी पताकों की पूजा को लेकर भक्तों की भारी भीड़ रही. घरों में महावीरी पताका लगाए गए. दोपहर बाद से धनबाद, झरिया, कतरास, सिंदरी, हीरापुर, पाथरडीह समेत आसपास के क्षेत्रों में अखाड़ों का जुलूस निकाला गया. ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजे के साथ महावीरी झंडा लेकर लोग करतब दिखाते चल रहे थे. पारंपरिक शस्त्रों के साथ हुनरबाजों ने अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन भी किया. चैंबर ऑफ कॉमर्स, श्री गुजराती अन्नपूर्णा सेवा समिति समेत अन्य संस्थाओं ने जगह-जगह अखाड़ा दलों का स्वागत किया. झरिया के महाराणा प्रताप दल की तरफ से कोलकाता से आये पहलवानों ने सब्जी पट्टी में शारीरिक सौष्ठव का प्रदर्शन किया. जुलूस महिला दल का उत्साह देखते ही बन रहा था. हाथों में महावीरी पताका लिए जय श्रीराम का नारा हर ओर गुंजायमान हो रहा था. पूरा कोयलांचल राममय हो गया. हीरापुर, पुराना बाजार में खूबसूरत झांकियां निकाली गईं.

पुलिस मुस्तैद, एसएसपी करते रहे भ्रमण

रामनवमी शांति व सौहार्द के साथ संपन्न कराने के लिए पुलिस मुस्तैद रही. एसएसपी एचपी जनार्दनन, सिटी व ग्रामीण एसपी इलाकों का भ्रमण करते रहे. कतरास, धनबाद, चिरकुंडा, तोपचांची, झरिया, गोविंदपुर एवं टुंडी को जोन में बाटा गया था. सभी जोन में जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गई थी. साथ ही धनबाद, बैंक मोड़, सरायढेला, धनसार, झरिया, जोरापोखर, सुदामडीह, पाथरडीह, तिसरा, सिंदरी, बलियापुर, केंदुआडीह, पुटकी, लोयाबाद, जोगता, कतरास, राजगंज, महुदा, मधुबन, बरोरा, तेतुलमारी, बाघमारा, तोपचांची, हरिहरपुर, बरवाअड्डा, गोविंदपुर, टुंडी, पुर्वी टुंडी, मनियाडीह, निरसा, चिरकुंडा थाना व भूली ओपी, घनुआडीह, बोर्रागढ़, भौंरा, लोदना, अलखडीहा, गौशाला, मुनिडीह, भागाबांध, अंगारपथरा, कपूरिया, रामकनाली, गोंदुडीह, खरखरी, ईस्ट बसुरिया, सोनारडीह, धर्माबांध, कालूबथान, कुमारधुबी, मैथन, गलफरबाड़ी, खरखरी, भाटडीह एवं पंचेत ओपी में पुलिस पदाधिकारियों के साथ दंडाधिकारी भी मौजूद दिखे. रामनवमी को लेकर जिला नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया था. यहां से पूरे जिले की गतिविधियों पर नजर रखी गई.

# टिकट मिलते ही हाथ में तलवार



**धनबादः** टिकट मिलते ही अनुपमा सिंह ने हाथ में तलवार थाम लिया।कांग्रेस ने झारखंड की धनबाद सीट पर ऐसे चेहरे को मैदान में उतारा है, जिनका अब तक सीधे तौर पर सक्रिय राजनीति से ताल्लुक नहीं रहा। नाम है- अनुपमा सिंह। उनकी सबसे बड़ी पहचान ये है कि उनके पति जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह बोकारो जिले की बेरमो सीट से कांग्रेस के विधायक हैं। दिलचस्प बात यह है कि इस सीट पर टिकट की दौड़ में कई दिग्गजों के अलावा अनुपमा के देवर और युवा कांग्रेस के नेता कुमार गौरव भी शामिल थे।देवर पर भारी पड़ीं भाभी

झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने कुमार गौरव का नाम उम्मीदवारी के लिए आगे बढ़ाया था। लेकिन, अनुपमा के विधायक पति की लॉबिंग सबसे मजबूत साबित हुई। अनुपमा सिंह की सियासत में निजी पहचान भले न रही हो, लेकिन उनका ताल्लुक कोयलांचल के चर्चित सियासी घराने से है। उनके दिवंगत ससुर राजेंद्र सिंह बेरमो सीट से छह बार विधायक रहे थे। वह दशकों तक कांग्रेस के श्रमिक संगठन इंटक के राष्ट्रीय महामंत्री रहे और इस वजह से अखिल भारतीय स्तर पर उनकी पहचान ट्रेड यूनियन लीडर के तौर पर रही।मई 2000 में उनके निधन के बाद उनके पुत्र जयमंगल सिंह और कुमार गौरव ने उनकी सियासी विरासत संभाली। हालांकि, राजेंद्र सिंह ने जीवित रहते दोनों पुत्रों की राजनीति में एंट्री करा दी थी। उनके निधन के बाद बेरमो सीट पर हुए उपचुनाव में उनके बड़े पुत्र जयमंगल सिंह विधायक चुने गए। राजेंद्र सिंह के छोटे बेटे कुमार गौरव झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रहे हैं और फिलहाल राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष हैंराजनीतिक रसूख और पैसे को लेकर इस परिवार की चर्चा पूरे झारखंड में होती रही है। यह पहली बार है, जब परिवार की बहू की राजनीति में सीधे सांसद कैंडिडेट के तौर पर एंट्री हुई है। फिलहाल उनका सोशल मीडिया पर कोई ऑफिशियल अकाउंट तक नहीं है। अनुपमा सिंह के पिता डॉक्टर हैं और बिहार के एक जिले में सिविल सर्जन के तौर पर पोस्टेड हैं। बताया गया है कि उन्होंने पटना वीमेंस कॉलेज से राजनीति विज्ञान में ग्रेजुएशन की डिग्री ली है॥अनुपमा सिंह को कांग्रेस प्रत्याशी बनाने के फैसले ने हर किसी को चौंका दिया है। इसके पहले वर्ष 2019 में भी कांग्रेस ने धनबाद सीट पर पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद को अचानक मैदान में उतार दिया था। हालांकि, उन्हें जबरदस्त शिकस्त खानी पड़ी थी। बहरहाल, अनुपमा की उम्मीदवारी घोषित होने के बाद उनके पति विधायक जयमंगल सिंह ने मोर्चा संभाल लिया है।बुधवार को जयमंगल सिंह और अनुपमा ने धनबाद में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। जयमंगल ने अपनी पत्नी की उम्मीदवारी को लेकर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए सोशल मीडिया पर कई पोस्ट किए हैं। इस सीट पर अनुपमा का मुकाबला भाजपा के प्रत्याशी ढुल्लू महतो से होगा।

## किड्स केयर में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण,मां सीता एवं हनुमान की झांकी ने बच्चों को भावविभोर कर दिया

**बच्चों ने बैसाखी, बांग्ला नववर्ष, नवरात्री व रामनवमीं एकसाथ मनाया, विभिन्न गीत - नृत्य पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांधा**



**कतरास :** किड्स केयर में आज बैसाखी, बांग्ला शुभ नववर्ष, नवरात्री एवं रामनवमीं का त्योहार काफी धूमधाम से मनाया गया। प्राचार्य दिलीप कुमार वर्मा ने बच्चों को संयुक्त रुप से मनायें जा रहे त्योहार पर आधारित कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। सर्वप्रथम जूनियर केजी की प्रभगुण कौर ने बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में गीत 'मैं निकला गड्डी लेकर..' पर नृत्य कर मन मोहा। सीनियर केजी के शिवाय चटर्जी ने बांग्ला गीत ' आमरा सोबाई राजा' पर नृत्य कर बांग्ला नववर्ष का स्वागत किया। कक्षा चतुर्थ की छात्रा मानिया चक्रवर्ती एवं छात्र सूर्य दीप सरकार सरकार ने बांग्ला गीत ' बाजे रे बाजे ढोलार ढांक' पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया।

कक्षा चतुर्थ , षष्ठम् एवं सप्तम के हर्षिता सोनकर, आकृति सिंह, अर्पिता सोनकर ने गीत ' बजाओ ढोल सारे आज की राम आये हैं ' गीत पर नृत्य कर रामनवमीं पर्व मनाया। कक्षा चतुर्थ के छात्र रणवीर सिंह एवं आदर्श कुमार रावत ने अखाड़े में लाठी खेल का प्रदर्शन किया। कक्षा चतुर्थ और षष्ठम् की छात्रा आकृति सिंह एवं हर्षिता सोनकर ने नवरात्री के उपलक्ष्य में डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा सप्तम की छात्रा अर्पिता सोनकर ने गीत 'रामजी की निकली सवारी पर नृत्य कर' समां बांधा। कक्षा चतुर्थ के शिवा सोनकर ने प्रभु श्री राम, कक्षा चतुर्थ की कृति सिंह ने माता सीता, कक्षा पांचवीं के समीर कुमार सिंह ने लक्ष्मण तथा कक्षा चतुर्थ के लक्ष्य कुमार ने हनुमान का वेष धरकर आकर्षक झांकी प्रस्तुत किया। इनके सम्मान में सभी बच्चों ने जय श्री राम का उद्घोष कर विद्यालय कैंपस को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद थे जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में चार चांद लगा दिया। संचालन मिस बुलन, निर्देशन शिवली सरकार तथा धन्यवाद ज्ञापन निर्मल सर ने किया।

## राजबाडी की महाअष्टमी पूजा में जुटी भक्तों की भारी भीड़



**धनबाद।कतरासः** श्री श्री सार्वजनिक चैती दुर्गा पूजा समिति राजबाडी रोड कतरास में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूरे धूमधाम के साथ दुर्गा पूजा मनाया जा रहा है। महाअष्टमी को सुबह से ही राजबाडी की ओर जाने वाली सडकें भक्तों की भीड से खचाखच भरी रही है. कतरास बाजार, गांधी चौक, भगतसिंह चौक, श्यामडीह, लाला टोला, तेलियाबांध, झिंझिपहाडी, केशलपुर, राजागढ आदि स्थानों से हजारों महिला पुरूष श्रद्धालुओं ने महाअष्टमी की पूजा पूरे श्रद्धा के साथ की. पंडित गौतम बनर्जी की देख रेख में सुबह महा अष्टमी की पूजा पूरे विधि विधान के साथ की गई। संध्या 5 बजे संधि पूजा की गई। 7 बजे महाआरती की गई जिसमे सैकडों श्रद्धालु उपस्थित हुए. वहीं मंगला आरती का कार्यक्रम भी माता के दरबार मे ही किया गया. पूजा स्थल के बाहर राजागढ के प्राँगण में बच्चों के लिए झूले, गोलगप्पे, चौमिन, आइसक्रीम, गुब्बारे आदि के दर्जनों दुकानें व ठेले खोमचे लगे हैं.।भीड को नियंत्रित करने के लिए कतरास थाना के पुलिस बल यहाँ वहाँ मोर्चा संभाले हुए दिखाई दिए। चैती दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अमरनाथ स्वर्णकार, सचिव समीर चक्रवर्ती, बिरेन दां, रिंटू बनर्जी, गणेश मोदक, मधुसूदन दां, राजू दे, सचिदानंद उपाध्याय, जय चटर्जी, अमित चटर्जी, सिकन्दर चक्रवर्ती, गोलू हलधर, मोनू गोप, हारू चक्रवर्ती आदि उपस्थित रहें।

## धोबनी में मासस की बैठक सम्पन्न

## मासस आंदोलन का जननी हैं :- आनंद महतो



मार्क्सवादी समन्वय समिति की एक बैठक धोबनी, हरि मंदिर प्रांगण में मुखिया चक्रधर महतो की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई l बैठक का संचालन सुखलाल महतो ने किया l बैठक में मुख्य रूप से मासस के केंद्रीय अध्यक्ष सह पुर्व विधायक आनंद महतो उपस्थित थे l बैठक को सम्बोधित करते हुए पुर्व विधायक आनंद महतो ने कहा की देश में मोदी का गारेंटी चल रहा हैं,लेकिन 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी का वादा का गारेंटी कब से लागु होगा l अमीर दिन ब दिन अमीर होता चला जा रहा हैं l गरीब आज भी गरीबी रेखा से निचे गुजर बसर कर रहे हैं l मासस आंदोलन का जननी हैं l त्याग, बलिदान, संघर्ष ही इसकी पहचान हैं l कोयलांचल में बी सी सी एल के पास जमीन सम्बन्धी लेखा जोखा नहीं हैं l रयैतो का जमीन जबरन कांटा जा रहा हैं l मोदी ने 10 वर्षो में केवल पूंजीपति वर्गो का बढावा दिया l गरीब का कल्याण के लिए कुछ भी नहीं किया l मोदी चाहता तो झारखण्ड राज्य में कई बडे कल कारखाने खोल कर युवाओं को रोजगार से जोडता लेकिन धर्म के नाम पर युवाओं को दिग्भ्रमित करने का काम कर रहे हैं l अब युवा पीढी को आगे आने की जरुरत हैं और झूठा सरकार के खिलाफ अपनी आवाज को बुलंद करने का समय हैं l

बैठक में मुख्य रूप से मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो, लाल सेना के केंद्रीय सचिव चेतु महतो, नरेश पासवान,निरंजन महतो, देवीलाल महतो, सुभाष महतो, पी.एन. सिंह,जगदीश महतो, अरविंद तिवारी, भगत राम महतो, भुवन मोदक, कैलाश महतो, महेंद्र यादव, दीपक महतो, अभिमन्यु महतो, अरुण महतो, धीरन महतो, विकाश महतो, गोपाल महतो, गुही राम रजवार, लखन लाल महतो, विनोद महतो, शिवेश्वर महतो, कमला कांत महतो, रामदेव महतो, युधिष्ठिर महतो, नेहरू महतो, उदय महतो, उमेश कुमार, राहुल शर्मा आदि शामिल थे l





तिसरा।चांद कुइया कॉलोनी बजरंगबली मन्दिर समिति द्वारा राम नवमी के अवसर पर 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया.जजमान अखिलेश तिवारी, पंडित मुकेश पांडेय,संजय तिवारी थे.व्यास हरे राम हरे राम राम हरे हरे,मंटु व्यास की मंडली ने भजन गाया. उद्घाटन तीसरा थानेदार सुमन कुमार,ने किया. मंदिर कमिटी के शेलेन्द्र सिंह.दसरथ प्रसाद,रजनीश शर्मा,सुमीत सिंह, गुरुचरण महतो,आलोक सिंह. युधेश्वर सिंह ,उदय सिंह,दीपक,रवि,दीपू आदि थे वहीं जय रामपुर मोड़ स्थित बजरंगबली मंदिर में भी 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया यहां जय मंगल सिंह एवं श्रवण व्यास की ओर से हरे राम की धुन गया गया। बेरा कोलियरी काली मंदिर में 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन का समापन किया गया मन प्रसाद का भी आयोजन किया गया। कुइयां 10 नंबरकाशी विश्वनाथ शिव मंदिर में आमटाल के मुखिया संजय गोराई की ओर से पूजा अर्चनाकी गई। घनुडीह, एम ओ सी पी अलकडीहा शिव मंदिर धाम में भी पूजा अर्चना की गए। चांद कुइयां न्यू कॉलोनी में आचार्य विद्यासागर पांडे की ओर से नवरात्रि के उपलक्ष में हवन पूजन कराया गया महाप्रसाद का भी आयोजन किया गया।

## बुजुर्ग महिला के लिए संस्था ने उपलब्ध कराया रक्त

**सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल ने एक बार फिर से जरूरतमंद के लिए रक्त उपलब्ध कराया**




धनबाद के अशर्फी हॉस्पिटल में भर्ती 65 वर्षीय बुज़ुर्ग महिला सुषमा सिंह के लिए डॉक्टर ने तत्काल एक यूनिट बी पॉजिटिव रक्त व्यवस्था करने की बात कही क्योंकि मरीज के शरीर से काफी रक्तस्राव हो चुका था और मरीज के घर में ऐसे कोई भी सदस्य उस समय वहां मौजूद नहीं थे जो रक्तदान कर सके l इस बात की सूचना घर वालों ने समर्पण एक नेक पहल संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान को देते हुए एक यूनिट रक्त की उपलब्ध कराने का आग्रह किया सूचना मिलते ही श्री चौहान ने श्रीनिवास ब्लड सेंटर प्रबंधक से बात कर मरीज के लिए रक्त प्रदान करने का आग्रह किया जिसे स्वीकार कर ब्लड सेंटर द्वारा मरीज के लिए रक्त प्रदान कर दी गई l

# विधायक सरयू राय का प्रेस वक्तव



**धनबाद।**भाजपा के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धनबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा के घोषित प्रत्याशी के कतिपय कारनामों से अवगत करना चाहता हूँ। धनबाद संसदीय क्षेत्र के भाजपा के घोषित प्रत्याशी, संप्रति बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक हैं। बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के लेदीडुमर गाँव (मौजा संख्या 116) के किसानों ने दो दिन पहले मुझे पत्र लिखकर अपनी पीडा से अवगत कराया है। किसानों का कहना है कि इस संबंध में वे धनबाद के उपायुक्त और झारखंड के राज्यपाल को भी क्रमशः 17.10.2022 और 23.03.2022 को अवगत करा चुके हैं। उनकी और आसपास के कतिपय गाँवों की 50 एकड से अधिक रैयती जमीन और इससे अधिक सरकारी जमीन पर विधायक ढुलू महतो ने जबरन कब्जा में ले लिया है और घेराबंदी कर दिया है। घेराबंदी के भीतर के 'पुना महतो सेवा संस्थान' के बैनर तले, कौशल विकास केन्द्र चला रहे हैं। चहारदीवारी के भीतर गाँव का सार्वजनिक मंदिर भी है। किसानों ने अपने पत्र में जिसे उन्होंने धनबाद के उपायुक्त को दिनांक 17.10.2022 को लिखा है और बाद में माननीय राज्यपाल झारखंड को उन्होंने दिनांक 23.03.2022 को पत्र भेजकर अपनी पीडा से अवगत कराया है। बताया है कि बाघमारा अंचल के लेदीडुमर (मौजा सख्या 116), चिटाही एवं दरिदा (मौजा संख्या 120) के साथ ही मुराईडीह गांव के रैयतों की पुस्तैनी जमीन पर भी बाघमारा विधायक ने जबरिया कब्जा कर लिया है। जब वे अपना हक माँगते हैं तो उन्हें धमकी मिलती है और झुठे मुकदमों में फँसा दिया जाता है। ग्रामीणों का पुस्तैनी हनुमान मंदिर, सरकारी तालाब, सरकारी चापाकल, सरकारी जमीन तथा कतिपय आदिवासी जमीन को भी विधायक जी ने अपने कब्जा में ले लिया है।

धनबाद के उपायुक्त को प्रेषित पत्र में जो विवरण उन्होंने दिया है उसका प्रासंगिक अंश मैं हूबहू संलग्न कर रहा हूँ। ग्रमीणों ने मुझे प्रेषित पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि इसके लिए इन्होंने 17.10.2022 को उपायुक्त, धनबाद के कार्यालय के समक्ष तथा दिनांक 23.03.2022 को झारखंड के माननीय राज्यपाल महोदय के कार्यालय के समक्ष अर्द्धनग्न प्रदर्शन भी किया परंतु उन्हें न्याय नहीं मिल पाया। पत्र में किसानों ने लिखा है कि हमलोगों की जो जमीन विधायक जी ने हथिया लिया है उसमें से कुछ का विवरण निम्नलिखित है:-

1. त्रिपुरारी सिंह का जमीन मौजा लेदीडूमर, मौजा नं.-116 खाता नं.- 92 एवं 40, प्लॉट नं. 323/328/342/343/368/412/417/255/259/270/282 एवं 291 कुल रकबा 03 एकड 99 डी० में आधा अंश 01 एकड 99 डी०
2. आसु सिंह का जमीन मौजा लेदीडूमर, मौजा नं.-116 खाता नं.- 43, 9, 4, 3, प्लॉट नं.- 45, 419, 420, 414, 422 इत्यादि रकबा 3 एकड
3. श्याम जी सिंह का जमीन मौजा लेदीडूमर, मौजा नं.- 116 खाता संख्या-11 पलॉट नं.- 298, 299, 300 कुल रकबा 50 डी० लेदीडूमर के नाम से है।
4. जीवन सिंह का जमीन मौजा लेदीडूमर, मौजा नं.-116 खाता नं.- 9, 10 प्लॉट नं.- 423, 416 कुल रकबा 50 डी०।

बाघमारा विधायक ने दर्जनों किसानों की जमीन जबरदस्ती हाथियाया है परंतु वे लोग डर से खुलकर सामने नहीं आ रहे हैं। काफी सरकारी जमीन की घेराबन्दी विधायक जी ने किया है, जिसमें से कुछ का विवरण निम्नलिखित है:-

1. मौजा संख्या-116, खाता संख्या-121, 296, 319, 292, 315, 416, (बजरंगबली मंदिर) प्लॉट संख्या-357 (रघुगुडिया) 350
2. बजरंगबली मंदिर एवं तालाब सरकारी चापाकल इत्यादि सभी जबरदस्ती घेराबन्दी किया है। एवं लेदीडूमर गांव के अन्य ग्रामीणों का भी जमीन सरकारी जमीन ढुलू महतो एवं उसके कार्यकर्ताओं द्वारा जबरन लगभग 50 एकड जमीन जबरन घेराबन्दी का अवैध पूना महतो सेवा संस्थान नामक जाली ट्रस्ट बनाकर उसमें कौशल विकास केन्द्र चलाया जा रहा है और उक्त हमारा जमीन को मुक्त कराने के लिए कहते है तो हमलोगों को झूठा केस में फंसाने एवं जान मारने की धमकी देते हैं, जिस कारण हमलोग भयभीत एवं चुप है।

अतः श्रीमान से सादर प्रार्थना है कि उपरोक्त तत्वों की उचित पडताल करते हुए हमलोगों का उक्त जमीन को ढूलू महतो, पूना महतो सेवा संस्थान के द्वारा किये गये जबरन घेराबन्दी से मुक्त कराने एवं हमलोगों का जानमाल की सुरक्षा करने की कृपा की जाय। इसके लिए श्रीमान का सदैव आभारी बने रहेंगे।

आपका विश्वासी
दिनांक- 17/10/2022
त्रिपुरारी सिंह, आसु प्रसाद सिंह
श्याम जी सिंह, शिवनारायण सिंह

राज्यपाल को लिखित इस पत्र की प्रति उन किसानों ने उपनिदेशक, प्रवर्तन निदेशालय(ईडी), रांची, महानिरीक्षक, राज्य मानवाधिकार आयोग, रांची, उपायुक्त, धनबाद, अंचलाधिकारी, बाघमारा, थाना प्रभारी, बरोरा (मुराईडीह) एवं मुख्य न्यायाधीश, झारखण्ड उच्च न्यायालय, रांची को भी दिया है परंतु कोई कारवाई नहीं हुई है।

दूसरा मामला:- इससे भी अधिक गंभीर एक सूचना मैं भाजपा, झारखंड के प्रदेश प्रभारी और देश के प्रधानमंत्री को इस प्रेस वक्तव्य के माध्यम से देना चाहता हूँ। इस संबंध में प्रासंगिक दस्तावेज भी संलग्न कर रहा हूँ। ये सरकारी दस्तावेज स्वतः स्पष्ट हैं और प्रेस वक्तव्य के साथ अनुलग्नकों के रूप में संलग्न हैं। संलग्न दस्तावेजों से स्पष्ट है कि ढुलू महतो के सुपुत्र प्रशांत कुमार ने अंचल गोविंदपुर, मौजा तुमादाहा में करीब 1.50 एकड भूखंड पर जगन्नाथ कोक इंडस्ट्रीज स्थापित किया है, जो मौजा तुमादाहा के प्लॉट संख्या 69, 70, 71, 72, 73, 74, 75, 76, 77 और 78 पर स्थापित है। इसका क्षेत्रफल करीब 1.50 एकड है। इस संबंध में संलग्न प्रासंगिक दस्तावेजों में जगन्नाथ कोक इंडस्ट्रीज के मालिक प्रशांत कुमार, पिता - ढुलू महतो का अद्यतन आय का विवरण, जीएसटी विवरण के साथ ही अंचल अधिकारी, गोविंदपुर, धनबाद का पत्र संख्या 170, दिनांक 24.01.2023 भी संलग्न है। ये सभी दस्तावेज साबित करते हैं कि यह उद्योग ढुलू महतो के सुपुत्र का ही है।

करीब 1.50 एकड क्षेत्र में स्थापित जगन्नाथ कोक इंडस्ट्रीज के मालिक प्रशांत कुमार, पिता - ढुलू महतो, ग्राम - चिटाही, टुण्डु, बरोरा, धनबाद की कुल आय (वर्ष 2022-23) में 17,77,810 (सतरह लाख सतहत्तर हजार आठ सौ दस) रुपए है जबकि जगन्नाथ कोक इंडस्ट्रीज जिस जमीन पर स्थापित है उसकी कुल कीमत सरकारी दर पर 50 से 60 लाख रुपए के करीब है। इसके पूर्व भी मैंने प्रशांत कुमार का 2.06 करोड रुपए कीमत की जमीन खरीदने का अधिकारिक दस्तावेज जारी किया था। भाजपा नेताओं से धनबाद क्षेत्र की जनता जानना चाहेगी कि इतनी बडी राशि उन्होंने कहाँ से प्राप्त की है। क्या यह आय से अधिक संपत्ति का प्रमाण नहीं है?

बाघमारा क्षेत्र के जिन गाँव के किसानों ने वर्ष 2022 से अभी तक राज्यपाल और धनबाद के उपायुक्त को पत्र लिखकर अपनी व्यथा प्रकट की है और उनके कार्यालय के समक्ष अर्द्धनग्न प्रदर्शन तक किया है, वे सभी किसान स्थानीय हैं और श्री ढुलू महतो का परिवार जब बिहार के नवादा जिला से चिटाही और आसपास के गाँवों में आकर बसा उसके पहले से ये किसान वहाँ रह रहे हैं। माननीय प्रधानमंत्री जी को इसपर संज्ञान लेना चाहिए।

# रांची के धुर्वा उप डाकघर से ढाई करोड़ रुपये की हेराफेरी




**रांची।** रांची के धुर्वा उप डाकघर से 2 करोड़, 52 लाख 45 हजार 200 रुपये की हेराफेरी मामले में सीबीआइ की रांची स्थित भ्रष्टाचार निरोधक शाखा में चार नामजद व अन्य अज्ञात लोकसेवक व निजी कर्मियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपितों में चारों नामजद धुर्वा उप डाकघर से जुड़े पदाधिकारी हैं।सीबीआइ ने वरीय डाक अधीक्षक की ओर से 14 दिसंबर 2023 को दर्ज शिकायत की अपने डीएसपी से आंतरिक सत्यापन कराई थी। सत्यापन में खुलासा हुआ कि डाक एजेंट स्व. संतोष कुमार सिंह उप डाकघर के संबंधित आरोपित पदाधिकारियों की मिलीभगत से जालसाजी कर उक्त राशि की निकासी व हेराफेरी की थी।

इस संबंध में अलग-अलग ग्राहकों ने डाक विभाग में इसकी शिकायत की थी। सीबीआइ में दर्ज प्राथमिकी के अनुसंधानकर्ता एसीबी रांची के इंस्पेक्टर सुशील कुमार गुप्ता बनाए गए हैं।ऐसे करते थे हेराफेरी

डाक विभाग ने आंतरिक जांच में पाया कि ग्राहक सेल्फ चेक जमा किए, जिसकी राशि क्लियर होने के बाद उनके डाकघर के बैंक खाते में जमा हुई। इसके बाद डाक विभाग के आरोपित पदाधिकारियों-कर्मियों ने ग्राहकों के फर्जी हस्ताक्षर से उक्त राशि की निकासी की और दूसरे बैंक खातों में उक्त राशि को हस्तांतरित कर दिया। डाकघर में फर्जी नाम-पते पर खाते खोले गए, जिसमें उक्त राशि हस्तांरित की गईं।

ये हैं आरोपित, जिनपर दर्ज हुई है प्राथमिकी

- शशि भूषण स्वांसी, धुर्वा उप डाकघर, रांची।
- मार्शल कुजूर, डाक सहायक, धुर्वा उप डाकघर, रांची।
- रंजना शरण, डाक सहायक, धुर्वा उप डाकघर, रांची।
- प्रबुधन उरांव, डाक सहायक धुर्वा उप डाकघर, रांची।
- अन्य अज्ञात लोकसेवक व अज्ञात निजी व्यक्ति।

किसके खाते से कितने की हेराफेरी

यज्ञनारायण तिवारी (30 लाख), प्रियंका शर्मा पति अनिल कुमार शर्मा (18 लाख), सोमनाथ तिर्की व नीलम तिर्की, सेंबो बालालौंग (नौ लाख), नरेंद्र कुमार व स्मृति कुमारी, क्वार्टर नंबर डीटी 2352, टंकी साइड धुर्वा (15 लाख), दीनानाथ शर्मा, डीटी-2599, टंकी साइड धुर्वा (आठ लाख), मुकेश टोप्पो, सीटीओ रोड, मशान घाट धुर्वा (23 लाख), कृष्ण कुमार सिंह, डीटी-2987, धुर्वा (चार लाख), जगरोपन प्रसाद सिंह, एनएम-20, न्यू मार्केट, दुर्गा मंदिर के समीप धुर्वा मोड़ (8.80 लाख), अवधेश सिंह (53 लाख एक हजार 200 रुपये), मोहम्मद हदी, पिस्का नगड़ी (पांच लाख), सोनू कुमार, पुराना नर्स कॉलोनी (11.70 लाख), रामनरेश महतो, टुंडुल, बालालौंग (पांच लाख), विकास कुमार, क्वार्टर नंबर बी-202, धुर्वा (20 लाख), हेमा रानी, मनोज कुमार एचइसी कालोनी (2.50 लाख), इंद्रासन प्रसाद, एचइसी कालोनी (15 लाख), प्रियंका शर्मा (6.50 लाख), रामेश्वर महतो, टुंडुल, बालालौंग (दस लाख), शिवांति देवी, जेपी मार्केट धुर्वा (1.50 लाख) व मधुरानी, मांटेसरी मैदान (6.44 लाख)।

# जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा रामगढ



**रामगढ।** राम के रंग में रामगढ़ जिला रंग चुका है। हर गली और मोहल्ले भगवा रंग से पट गए हैं। कई स्थानों पर स्थाई झांकी स्थापित की गई है, तो कई अखाड़ों ने अष्टमी की रात शस्त्र पूजा के बाद जुलूस निकाला। जय श्री राम के नारे से रामगढ़ की पूरी धरती गूंज उठी। राम के शहर में लगभग 10 अखाड़े ने पारंपरिक शास्त्रों के साथ जुलूस निकाला और जय श्री राम के नारे लगाए। इस दौरान शहर में स्थाई झांकियां का उद्घाटन भी हुआ। बाजारटांड़ में रामगढ़ युवा संघ, लोहार टोला स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, श्री श्री प्राचीन महावीर मंदिर झंडा चौक, संकट मोचन हनुमान मंदिर थाना चौक, श्री राम मंदिर नई सराय चौक, वीर शिवाजी युवा संघ लोहार टोला ने स्थाई झांकी की प्रस्तुति की। चलंत झांकी सुभाष बाल मंडली दुसाध मोहल्ला, श्री श्री रामनवमी पूजा समिति किला मंदिर, शिवनंदन अखाड़ा शाहिद के अन्य समितियों ने बेहद आकर्षक प्रस्तुति की।

माता सती की आहुति और शिव तांडव देख भावुक हुए लोग

शहर के पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति के द्वारा स्थाई झांकी में कई अलग-अलग विषयों पर नृत्य और संगीत प्रस्तुत किए गए। माता सती की अग्नि कुंड में प्रवेश का दृश्य देख लोग भावुक हो गए। ऐसा लगा माता सती का जीवंत स्वरूप अग्नि में आहुति दे रहा है। माता सती के त्याग करने के बाद भगवान शंकर ने जो तांडव किया था वह दृश्य भी अद्भुत था। जितनी बार यह दृश्य आया वहां मौजूद लोगों ने कलाकारों की भूरि भूरि प्रशंसा की।

शहर के चट्टी बाजार, सौदागर मोहल्ला, दुसाध मोहल्ला के अलावा सभी चिन्हित स्थानों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल की मौजूदगी रही। वरीय पदाधिकारी सुरक्षा का मुआयना करते दिखे। एसडीओ आशीष गंगवार, एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, अंचल अधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान, थाना प्रभारी अजय कुमार साहू पूरे क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। जिन स्थानों पर भी झांकी लंबे वक्त तक रुकी, वहां पर तत्काल रास्ते को खाली करने का प्रयास किया गया।

# किरणी बिरहोर की मौत पर राष्ट्रपति भवन ने लिया संज्ञान


झारखंड । हजारीबाग। हजारीबाग में एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोल परियोजना के दुष्प्रभाव से नाबालिग किरणी बिरहोर की मौत पर अब राष्ट्रपति भवन ने संज्ञान लिया है। एक्टिविस्ट मंटू सोनी की शिकायत पर राष्ट्रपति भवन के अवर सचिव पीसी मीणा ने केंद्रीय कोयला मंत्रालय के सचिव अमृत लाल मीणा को कार्रवाई कर सूचित करने का निर्देश दिया है। इसके पूर्व केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय ने झारखंड के मुख्य सचिव और अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने हजारीबाग डीसी को आठ सप्ताह में कार्रवाई का निर्देश दे चुका है। एनटीपीसी के चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना से महज कुछ दूरी पर लुप्तप्राय आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय की एक बस्ती है। वहां एनटीपीसी के एमडीओ ऋत्विक-एएमआर द्वारा खनन कार्य किया जा रहा है। खनन के दुष्प्रभाव में नाबालिग किरणी बिरहोर बीमार चल रही थी। विगत 28 फरवरी को उसकी मौत हो गई थी।जिसको लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से बिरहोर बस्ती को बिना बसाए खनन कार्य करने और किरणी बिरहोर की मौत के जिम्मेवार लोगों को चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई थ।.कोयला मंत्रालय ने की थी एनटीपीसी की बैंक गांरटी जब्त

एनटीपीसी को फॉरेस्ट क्लीयरेंस मिलने के बाद समय से कोयला खनन शुरू नहीं करने को लेकर कई बार पत्राचार किया गया था। इसके बाद भी कोयला खनन नहीं किया गया।इस पर कोयला मंत्रालय ने कार्रवाई करते हुए एनटीपीसी की 24 प्रतिशत बैंक गारंटी 33.68 करोड रुपए जब्त कर लिया था। जानकारी के अनुसार कोयला मंत्रालय की कार्रवाई से बचने के लिए एनटीपीसी ने जिला-प्रशासन के सहयोग से आनन-फानन में कोयला खनन शुरू कर दिया। लेकिन खनन कार्य खनन सुरक्षा के निर्देशों को ताक पर रख कर किया गया।

बिरहोर बस्ती में स्थिति गंभीर

खनन स्थल के समीप बिरहोर बस्ती में बिरहोरों की संख्या लगभग 250 है. इनमें 40 बच्चे भी हैं. वहीं खनन क्षेत्र के आसपास घनी आबादी भी है। विस्थापित-पुनर्वासित किए बिना खनन कार्य किया जा रहा है ।परियोजना अंतर्गत छोटकी नदी के एक किलोमोटर एरिया को भी बंद कर उसमें ओबी डंप कर दिया गया है. जिससे उस नदी का अस्तित्व मिटने की कगार पर है। इस मामले पर जिला प्रशासन ने चुप्पी साध रखी है, फिलहाल मामूली पानी छिडकाव कर मानव आबादी को खतरे में डाल खनन कार्य जारी हैं।





# बोकारो में विवाहिता की संदेहास्पद मौत

**बोकारो.**: 22 वर्षीय जसू कुमारी की मौत को लेकर संदेह की स्थिति बन गयी है। उसकी मौत हत्या और आत्महत्या के बीच जूझ रही है। मामला हरला थाना क्षेत्र के चौफान बस्ती का है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

तीन साल पहले बासु साव से ब्याही गई जसू की संदिग्ध मौत पुलिस के लिए भी अबूझ पहेली बनी हुई है। महिला के मायके वालों का कहना है कि जसू को ससुराल में प्रताड़ित कर मौत के घाट उतार दिया गया, केवल इसलिए कि वह ससुराल वालों की मांग के अनुरूप दहेज नहीं दे पा रही थी।परिजनों का आरोप है कि हत्या करने के बाद उसके ससुराल वाले आत्महत्या की बात कहकर अस्पताल से भाग गये। आरोप यह भी है कि ससुराल में लगातार तंग किया जाता था। कई बार उसका र्गभ भी गिरवा दिया गया था। परिजनों ने हत्यारों को कठोर सजा देने की मांग की है। इस घटना की जानकारी मिलते ही बोकारो के विधायक भी अस्पताल पहुंचे।

अभी भी जसू की मौत हत्या और आत्महत्या के बीच झूल रही है और पुलिस के सामने एक बड़ी चुनौती के रूप में खड़ी है। उसकी मौत की सही जानकारी का पता लगाने के लिए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अन्नपूर्णा गुप्ता द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस प्लांट नं 0535 एवं 1272 लालगूटवा रातू रोड़ पुलिस स्टेशन रांची में विजय जनरल स्टोर हिनू चौंक रांची 834002 से प्रकाशित
प्रधान संपादक अन्नपूर्णा गुप्ता कार्य नं ,651-2253830 ,9471717919, 9123244605 | RNI,NO JHAHIN/2013/66670
E-mail id alagpahchan@gmail.com | web -www.alagpahchan.com

# रामनवमी पर भए प्रकट कृपाला की धुन और श्रीराम के जयकारों से गूंजे मंदिर, हुए भजन व कीर्तन

## ••भगवान् राम का जीवन प्रशंसनीय अनुकरणीय और प्रेरक : डॉ हिमांशु शर्मा

**संवाददाता नीतीश कौशिक**

**बागपत।** जिलेभर में रामनवमी पर्व के उपलक्ष्य में श्रद्धालुओं ने मंदिरों, घरों और सार्वजनिक स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। राम मंदिरों को आकर्षक सज्जा के साथ ही राम दरबार नये और झिलमिल वस्त्र पहनाकर आरती उतारी गई।



दूसरी ओर नवरात्रि पर्व के अंतिम दिन माँ सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना करने तथा व्रत सकुशल संपन्न होने पर मां के दरबार में आकर आभार व्यक्त करते हुए आगे भी ऐसी सामर्थ्य देने की प्रार्थना की। इस दौरान मंदिर देवी- देवताओं व भगवान श्री राम की जय-जयकार के नारों से गूंज उठे। डॉ हिमांशु शर्मा ने भगवान श्रीराम व माँ भगवती के नोंवे स्वरूप देवी सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की तथा बताया कि, रामनवमी के दिन मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम जी प्रकट हुए थे। उन्होंने प्रत्येक सामाजिक सम्बध को बहुत ही व्यावहारिक व प्रशंसनीय व प्रेरक के रूप में हम सबका मार्गदर्शन किया। कहा कि, माता-पिता ,भाई का सम्बंध हो, पति पत्नी का सम्बंध हो, या फिर शत्रु से शत्रुता का सम्बंध हो, सभी के लिए वे आदर्श और अनुकरणीय हैं। सभी कार्य उन्होंने सिर्फ मर्यादा में रहकर ही किए।

# व्यय प्रेक्षक ने कलेक्ट्रेट परिसर में किया मीडिया सेल का निरीक्षण तथा की प्रगति की समीक्षा

## ••मीडिया सेल नोडल अधिकारी राहुल भाटी ने प्रस्तुत की विस्तृत रिपोर्ट

**ब्यूरो डॉ योगेश कौशिक**

**बागपत।** चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक नितिन शिवराज के पाटिल ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित मीडिया सेंटर का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति की बैठकों की जानकारी ली।



व्यय प्रेक्षक ने कहा कि, मीडिया सेंटर का निर्वाचन संपन्न कराने में अहम योगदान है।इस दौरान व्यय प्रेक्षक ने प्रत्याशियों द्वारा चुनाव प्रचार में किए जा रहे खर्च की रिपोर्ट का भी अवलोकन किया। नोडल अधिकारी तथा जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी ने अवगत कराया कि ,रिपोर्ट प्रतिदिन व्यय अन्वीक्षण समिति को आवश्यक कार्यवाही के लिए भेजी जा रही है।

व्यय प्रेक्षक ने स्पष्ट कहा कि, मतदान दिवस अथवा मतदान से पूर्व दिवस पर प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशन हेतु प्रत्याशियों द्वारा पूर्व प्रमाणन अनिवार्य है। साथ ही सोशल मीडिया, प्रचार वाहनों पर लाउडस्पीकर, सिनेमा हॉल, टेलीविजन, एफएम रेडियो पर भी सामग्री प्रसारित करने से पूर्व ,सामग्री का प्रमाणन भी अनिवार्य है।

इस दौरान सोशल मीडिया सेल में कार्यरत प्रवेंद्र कुमार ने अवगत कराया कि ,प्रत्याशियों द्वारा फोन कॉल के माध्यम से प्रचार किया जा रहा है , जिस पर व्यय प्रेक्षक ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं स्वीप तकनीकी विशेषज्ञ अमन कुमार ने व्यय प्रेक्षक के समक्ष आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतों, दर्ज कराई एफआईआर एवं की गई कार्यवाही की रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसका व्यय प्रेक्षक ने अवलोकन किया। मीडिया सेल में कार्यरत एसआरजी अमित कुमार मौर्या और जितेंद्र कुमार ने इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर प्रसारित निर्वाचन संबंधी खबरों की जानकारी दी। मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुभाष सिंह, लाइजन अधिकारी यतेंद्र सिंह, उपनिबंधक शिवशंकर आदि मौजूद रहे।

# रालोद प्रत्याशी के लिए खतौली विधायक मदन भैया ने किया त्यागी बहुल गांवों में रोड शो

**संवाददाता नीतीश कौशिक**

**बागपत।** रालोद विधायक मदन भैया ने आज बागपत लोकसभा क्षेत्र के त्यागी समाज बहुल गांव में रोड शो किया तथा पार्टी प्रत्याशी डा राजकुमार सांगवान को जिताने का आह्वान किया।



बता दें कि, मदन भैया पूर्व में इस क्षेत्र से विधायकी के दौरान विकास कार्यों तथा समर्थकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते रहे हैं। आज भी क्षेत्र के लोग समय समय पर उनका सहयोग लेते रहे हैं। माना जाता है कि, त्यागी समाज में उनका काफी सम्मान है तथा लोग उनकी बात मानते हैं।इसी के मद्देनजर मदन भैया ने त्यागी बहुल गांव कहरका, मुकारी, घटोली, दत्त नगर, ओगटी सैदपुर ,दौलतपुर तथा पिलाना आदि गांवों में रोड शो कर लोकसभा के संयुक्त प्रत्याशी डॉ राजकुमार सागवान को जिताने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस दौरान ग्रामीणों ने भी उन्हें सम्मान दिया तथा जगह जगह पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत भी किया।

# क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन बीएस एकेडमी शामली ने बिना विकेट गंवाए जीता मैच, हुए पुरस्कृत

**संवाददाता सीआर यादव**

**अमीनगर सराय।** हिसावदा गांव स्थित देवास क्रिकेट अकादमी के अंतर्गत अंडर-12 क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन तीन मैच खेले गए। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को पुरस्कृत किया गया।




देवास क्रिकेट अकादमी में क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन पहला मैच एसएस क्रिकेट एकेडमी व भास्कर क्रिकेट एकेडमी के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए एसएस टीम 64 रन पर ऑल आउट हो गई ,जवाब में भास्कर टीम ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए मैच 8 विकेट से जीत लिया। सागर ने सबसे ज्यादा 28 रन बनाए। दूसरा मैच भास्कर क्रिकेट एकेडमी व बीएस क्रिकेट एकेडमी शामली के बीच हुआ। पहले खेलते हुए बीएस टीम 95 रन पर ऑल आउट हो गई ,जबकि भास्कर टीम केवल 72 रनों पर ऑल आउट हो गई। बीएस टीम ने 23 रन से मैच जीत लिया। तीसरा मैच एसएस क्रिकेट एकेडमी व बीएस क्रिकेट एकेडमी के बीच हुआ। एसएस टीम 110 रन पर ऑल आउट हो गई, जबकि जवाब में उतरी बीएस टीम ने बिना कोई विकेट गवांए मैच जीत लिया। कृष्णा ने सबसे ज्यादा 65 रन बनाए। सभी मैच के अच्छे प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर शांतनु मलिक, ओमकार यादव, विजय यादव, निखिल अत्रि, मिहिर चक्रवर्ती आदि मौजूद रहे।

# ढीले बिजली के तारों की खिंचाई के बदले रोड शो को सकुशल संपन्न कराने हेतु बिजली सप्लाई ही ठप्प करने की तैयारी!

**संवाददाता नीतीश कौशिक**

**बागपत।** रालोद सुप्रीम के रोड शो को सकुशल संपन्न कराने के लिए छपरौली क्षेत्र में 18 अप्रैल को 12-30 से 3 बजे तक बिजली सप्लाई नहीं होगी।

दरअसल बता दें कि, रालोद सुप्रीम चौ जयंत सिंह का छपरौली में रोड शो होना है, लेकिन उस रास्ते पर बिजली के तार काफी समय से काफी नीचे लटक रहे हैं। इस ओर बिजली विभाग का कभी ध्यान नहीं गया। अब रालोद जिलाध्यक्ष रामपाल धामा ने अधिशासी अभियंता को पत्र लिखकर सूचना दी कि, उक्त मार्ग से रालोद सुप्रीम का रोड शो होना है, तार नीचे की ओर लटक रहे हैं, कोई दुर्घटना न हो इसके लिए उचित कार्यवाही करें।

पता चला है कि,पत्र को तुरंत संज्ञान में लेते हुए तारों की ठीक से खिंचाई कराने के बदले बिजली विभाग ने आसान रास्ता निकाल लिया कि, रोड शो के दौरान बिजली सप्लाई ही न दी जाए। इससे जहां रोड शो निर्विघ्न हो सकेगा वहीं खेतों और गांवों के लोग रोड शो के चश्मदीद हो सकेंगे।

# डेयरी से चोरी किया ट्रांसफार्मर, ले जाने में नाकाम रहे चोरों ने खंडहर में छुपाया ग्रामीणों ने ढूंढ निकाला

**संवाददाता सीआर यादव**

**अमीनगर सराय।** मेरठ -बागपत मार्ग पर सिंघावली अहीर पुलिया के पास स्थित डेयरी से 100 केवी का ट्रांसफार्मर चोरी हो गया था, जो डेयरी के पीछे ही खंडहर की जगह में घास फूंस से ढका मिला ।अवर अभियंता ने ट्रांफफार्मर को बिजलीघर में रखवा दिया। मेरठ बागपत मार्ग पर बंद हुई डेयरी से चोर 100 केवी का ट्रांसफार्मर मंगलवार रात चोरी कर ले गए थे।चोरी की सूचना सिंघावली अहीर बिजली घर पर दी गई। अवर अभियंता ने इसकी शिकायत सिंघावली अहीर थाने में दी। घटना स्थल पर पहुंचे अवर अभियंता व ग्रामीणों ने खोजबीन की, तो डेयरी के पीछे खंडहर की जगह में ट्रांसफार्मर को घास फूंस से ढककर रख गया था।

अवर अभियंता ने किसानों की मदद से ट्रांसफार्मर को सिंघावली अहीर बिजली घर में रखवा दिया है। अवर अभियंता संजय कुमार का कहना है कि, ट्रांसफार्मर से कोई सामान चोरी नही हुआ है ।पूरा ट्रांफार्मर सही सलामत है ,जिसको सुरक्षित रखवा दिया गया है।

# हाईटेंशन लाइन हुई जर्जर, एक माह में दूसरी बार किसानों के खेत में लगी आग ने 5 बीघा गेहूं फसल की स्वाहा

**संवाददाता संजीव शर्मा**

**बालैनी।** क्षेत्र के गाँव दत्त नगर में हाई टेंशन लाईन की चिंगारी से एक किसान की गेंहू की 5 बीघा फसल जलकर राख हो गई।

क्षेत्र के गांव दत्तनगर में हाई टेंशन की चिंगारी से किसान की 5 बीघा फसल जलकर नष्ट हो गई है । आग को बड़ी मशक्कत के बाद आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों ने काबू पाया ।



बताया गया है कि,किसान संजय पुत्र मितरपाल के खेत के ऊपर से हाईटेंशन की लाईन गुजर रही है, जो जर्जर हालत में है । गांव के सतीश गिरी अमित गिरी सतेंद्र सोमपाल बबलू सतीश आदि ने बताया कि, कई बार मुकारी बिजली घर के जेई को शिकायत की जा चुकी है, लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हुआ , जबकि पिछले महीने भी किसान संजय पुत्र मितरपाल की चार बीघा ईख भी इसी लाईन से जल गई थी, तब भी इस लाइन की शिकायत की गई थी ,लेकिन कोई समाधान नहीं हो पाया।गांव के किसानों का कहना है कि,अगर जल्द लाईन ठीक नही की गई ,तो बागपत डीएम से शिकायत की जाएगी। दूसरी ओर मुकारी बिजली घर के जेई सन्नी कुमार का कहना है कि,मुझे अभी 15 दिन पहले ही बिजली घर का चार्ज मिला है ,लाईन को दिखवाकर जल्द ठीक करा दी जाएगी।

# जैन मिलन के फिर एक बार अध्यक्ष बने पुनीत जैन, बैठक में महावीर जयंती के कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

**संवाददाता आशीष चंद्रमौलि**

**बडौत।** जैन मिलन बडौत की बैठक में केंद्रीय अधिवेशन के मुख्य संयोजक मनोज कुमार जैन पैट्रोल पम्प वालों ने केंद्रीय अधिवेशन के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया तथा अधिवेशन की व्यवस्था के संयोजकों का सम्मान किया गया।




इस अवसर पर बताया कि,महावीर जयंती के कार्यक्रम में नेहरू रोड मन्दिर जी की रथयात्रा महोत्सव पर मनोज जैन सम्भव किराना स्टोर पर आरती का कार्यक्रम रखा गया व मूर्ति पूजक संघ मन्दिर जी की रथयात्रा महोत्सव पर कमल जैन किताबों वालो की दुकान पर प्रसाद वितरण होगा। आगामी वर्ष के लिए अध्यक्ष पद पर सर्वसहमति से पुनीत जैन को पुनः जैन मिलन बड़ौत का अध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। बैठक में उपस्थित कमल जैन, आदिश जैन, तरगं जैन, अंकुर जैन ,दिनेश जैन, मयंक जैन, अनुराग मोहन जैन, सुनील जैन, विकास जैन, इन्द्र सैन जैन, अकिंत जैन, राजन जैन, चन्द जैन मनोज जैन सम्भव ,राजेश जैन हरक्युलिस , शरद जैन बोबी आदि उपस्थित रहे।

# बडागांव के पौराणिक मंशा देवी मंदिर से रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा



**संवाददाता शशि धामा**

खेकड़ा।रामनवमी पर्व पर बडागांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बैंडबाजो के साथ देवी देवताओ की सुसज्जित झांकियों ने पूरे गांव का भ्रमण किया। कई स्थानों पर यात्रा पर ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा की।

धर्म नगरी बडागांव में मां मंशा देवी मंदिर समिति के तत्वाधान में रामनवमी पर्व पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। बैंड बाजों, ढोल नगाडो के साथ निकली यात्रा ने गांव के प्रमुख मार्गो का भ्रमण किया। देवी देवताओ के स्वरूपों से सुसज्जित यात्रा ने गांव के प्रमुख मार्गो का भ्रमण किया। कई स्थानो पर पुष्प वर्षा भी हुई।

# हरियाणा व पंजाब मार्का शराब की तस्करी में लिप्त 2 गिरफ्तार, 60 पेटी अवैध शराब बरामद

**संवाददाता नीतीश कौशिक**

**बागपत।** थाना कोतवाली बागपत पुलिस ने चैकिंग के दौरान 2 शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई।



चुनाव के दौरान शराब की मांग के चलते तस्करों द्वारा आपूर्ति करने और पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी रोकने की मुहिम बराबर जारी है।इसी क्रम में की जा रही चैकिंग के दौरान शराब तस्करों के कब्जे से 40 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब हरियाणा मार्का व पंजाब मार्का तथा 20 पेटी अवैध देशी शराब हरियाणा मार्का बरामद की गई।बताया कि, दोनों शराब तस्कर बागपत के मूल निवासी हैं, जिनमें से खलील पर पहले से ही दस केस दर्ज हैं।

# शक्ति वंदन योजना महिलाओं के लिए समर्पित, गठबंधन सभी 80 सीटों पर होगा वविजयीः सुरेंद्र नागर



**ब्यूरो डॉ योगेश कौशिक**

**बड़ौत!दिल्ली-** सहारनपुर रोड़ स्थित रालोद चुनाव कार्यालय पर प्रेस वार्ता करते हुए राज्यसभा सांसद व भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री सुरेंद्र सिंह नागर ने कहा कि, उत्तर प्रदेश में रालोद के साथ गठबंधन करके भाजपा चुनाव लड़ रही है , जिसमें बागपत और बिजनौर में रालोद के प्रत्याशी तथा बाकी सीटों पर रालोद का समर्थन भाजपा के प्रत्याशियों को है। कहा कि,गठबंधन होने से पश्चिम उत्तर प्रदेश की सभी सीटें जीतने का काम भाजपा कर रही है।

उन्होंने कहा , बागपत में एक समर्पित कार्यकर्ता को रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने टिकट दिया है।इस क्षेत्र से चौ चरण सिंह जैसे व्यक्ति सांसद रहे हैं, प्रधानमंत्री रहे हैं। वहीं गठबंधन के प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान का पूरा जीवन पार्टी के लिए समर्पित रहा है।उनके लिए बागपत के सभी लोगों में उत्साह है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटें बीजेपी जीत रही है।

भाजपा मंत्री ने कहा कि,आज गावों में हर घर शौचालय बने हैं।महिलाओं को आरक्षण मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ध्येय महिलाओं की सुरक्षा की प्राथमिकता एवं आत्मनिर्भर बनाने का है, इसी उद्देश्य से नारी शक्ति वंदन योजना महिलाओं के लिए समर्पित की है।

प्रेसवार्ता के दौरान लोकसभा प्रभारी डॉ अशोक नागर, जिला प्रभारी डॉ चन्द्रमोहन, लोकसभा सह संयोजक सूरजपाल सिंह, विधायक डॉ अजय कुमार, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री संजीव गोयल, पूर्व मंत्री चौधरी सहाब सिंह, पूर्व विधायक डॉ अजय तोमर, डॉ नीरज कौशिक, डॉ पुष्पेन्द्र तोमर, जसवीर सोलंकी, बिजेंद्र शर्मा, निशांत तोमर आदि मौजूद रहे।

# कुराली के पास हुई दुर्घटना में मृत फखरपुर के दो किसानों का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार



**संवाददाता शशि धामा**

**खेकड़ा।** सड़क दुर्घटना में मारे गए फखरपुर गांव के दो किसानों के शव देर रात गांव पहुंचे। बुधवार को दोनों के शवों का एक साथ गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। दोनों के परिजनों को सांत्वना देने के लिए ग्रामीणों का तांता लगा रहा ।

फखरपुर गांव के रहने वाले मनोज और तोंकी किसान परिवारों से थे। दोनों गांव में ही कृषि कार्य करते थे। मंगलवार को वे स्कूटी पर सवार होकर मेरठ कीटनाशक खरीदने गए थे।इस दौरान बागपत -मेरठ मार्ग पर कुराली के पास तेज गति के कार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी थी। जिससे दोनों की मौत हो गई थी। पता चलते ही दोनों के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए थे। पोस्टमार्टम देरी से होने के कारण दोनों के शव देर रात गांव में पहुंचे। शवो को देखते ही दोनों के परिवार की महिलाएं दहाड़ें मार मार कर रोने लगीं। बुधवार को दोनों का गांव के श्मशान घाट में एक साथ अंतिम संस्कार किया गया ।अंतिम यात्रा में सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए।अंतिम संस्कार के बाद से ग्रामीणों का दोनों परिवारों को सांत्वना देने के लिए तांता लगा रहा।

# स्वीप के अंतर्गत ग्रामीण मतदाताओं को मतदान के लिए किया जा रहा है प्रेरित व दिलाया गया सकंल्प

**संवाददाता नीतीश कौशिक**

**बागपत।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार जनपद बागपत में 26 अप्रैल को मतदान होगा। मतदान हेतु अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से स्वीप बागपत टीम द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।




जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक राजेश पंत के पर्यवेक्षण में जिले में विभिन्न स्थानों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें मतदाताओं को मतदान तिथि के विषय में जागरूक किया गया और उनको मतदान करने का संकल्प भी दिलाया गया। इसके साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के विभिन्न तकनीकी एप एवं ऑनलाइन सुविधाओं की भी जानकारी दी गई।



स्वीप जागरूकता कार्यक्रमों के जिला समन्वयक अरुण कुमार तिवारी ने बताया कि ,सभी विभाग मतदाता जागरूकता केंद्रित कार्यक्रम आयोजित कर जन जागरूकता को बढ़ावा दे रहे हैं, जिससे लोग बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए जागरूक हो रहे हैं। कार्यक्रमों की रिपोर्ट को स्वीप बागपत एप पर अपलोड किया जा रहा है।